दिनांक 25 जून 15वीं बैठक का को संपन्न रा भा कार्यान्वयन समिति की 2018 कार्यवृत्त

सभी सदस्यों के आगमन के पश्चातअध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य , अध्यक्ष महोदय तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत अभिनंदन करते हुए बैठक ,सचिव ने : की कार्रवाई कार्यसूची के अनुसार आरम्भ की जिसका विवरण निम्नानुसार है

- पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि : पिछली बैठक दिनांक 13 अप्रैल 2018 को आयोजित की गई थी और निदेशक महोदय के अनुमोदन के पश्चात इसे सभी सदस्यों को सूचनार्थ जारी किया गया था |
- सभी सदस्यों की सहमति से राजभाषा अधिकारी द्वारा इसकी पुष्टि का अनुरोध किया गया। निदेशक महोदय ने इस पर स्वीकृति दी और सभी सदस्यों ने भी इसकी पुष्टि की |
- धारा 3 (3) का अनुपालन : धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेजों की सूची सभी सदस्यों को ई-मेल द्वारा पूर्व में ही परिचालित कर दी गई थी पुनः इसकी चर्चा की गई| इस तिमाही के दौरान धारा 3 (3) का शत प्रतिशत अनुपालन किया गया है |
- रा भा अधिकारी द्वारा तिमाही रिपोर्ट डाटा समय पर उपलब्ध कराने के संबंध में सभी अधिकारियों से अनुरोध किया गया ताकि इसका मूल्यांकन मंत्रालय द्वारा किया जा सके | वेबसाईट को द्विभाषी करने का कार्य सतत जारी है और इसमें संतोषजनक रूप से कार्यान्वयन हुआ है |
- रा भा अधिकारी ने हिंदी प्रशिक्षण के संबंध में बताया कि संस्थान में सभी अप्रशिक्षित अधिकारियों/स्टॉफ सदस्यों को हिंदी का प्रबोध/प्रवीन/प्राज्ञ स्तर का प्रशिक्षण दिलाया गया है तथा जिन अधिकारियों/स्टॉफ को प्राज्ञ स्तर का ज्ञान नहीं है उन्हें इसका प्रशिक्षण पत्राचार के माध्यम से दिलाया जाएगा।

- पिछली तिमाही की विस्तृत समीक्षा की गयी जनवरी से मार्च 2018 तिमाही में ऑनलाइन अग्रसारित रिपोर्ट को सभी सदस्यों के समक्ष राजभाषा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया ताकि उन्हें भी राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित वस्तुस्थिति की जानकारी हो सके | प्रत्येक बिंदु की यथोचित व्याख्या भी की गई |

- संस्थान की मुख्य वेबसाईट पर राजभाषा कॉर्नर सृजन करने का निवेदन सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय से किए जाने पर अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृति प्रदान की |
- हिंदी के पठन-पाठन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिंदी पुस्तकों की सूची पुस्तकालय के सहयोग से साझा किए जाने का अनुरोध रा.भा अधिकारी ने पुस्तकालयाध्यक्ष से किया|
- संस्थान में पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित करने के प्रस्ताव पर निदेशक महोदय ने अपनी स्वीकृति देते हुए आदेश दिया कि इसमें यह ध्यान रखा जाए कि सभी भारतीय भाषाओँ तथा अंग्रेजी की चयनित तथा पुरस्कृत पुस्तकों का हिंदी में अनुदित पुस्तकें शामिल हो, जिससे सभी इसका लाभ उठा सकें।
-
- प्रसिद्ध लेखकों का व्याख्यान श्रृखला के संबंध में जवाब देते हुए राज भाषा अधिकारी ने बताया कि दाखिला प्रक्रिया तथा उल्लास कार्यक्रमों में समुदाय सदस्यों की व्यस्तता के कारण इस श्रृखला को सितम्बर माह से आरंभ करने की योजना है।
- पुनः राजभाषा विभाग की साईट पर वर्ष की चयनित पुस्तकों का जिक्र किया | इसकी लिंक आपके सुलभ संदर्भ हेतु निम्नांकित है|
- **http://www.rajbhasha.nic.in मुख्य पृष्ठ >> महत्वपूर्ण सूचनाएं >> केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों के पुस्तकालयों के लिए चयनित हिंदी पुस्तकों की सूची**

- अध्यक्ष महोदय ने संस्थान में हिंदी कार्यान्वयन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं और इसे सतत जारी रखने के निदेश दिए | अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति से बैठक संपन्न हुई | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, हिंदी अनुवादक द्वारा सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया |